उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No.: 533 दिनांक/Date.: 19:08:2021

संवाद–149

विषयः– वन आरक्षी, पद कोड–102 की शारीरिक दक्षता परीक्षा के परिणाम के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा पदनाम–वन आरक्षी, पद कोड–102 की शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 27 जुलाई, से 29 जुलाई, 2021 के मध्य इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर, देहरादून तथा दिनांक 03 व 04 अगस्त, 2021 को इंटरनेशनल स्टेडियम, गौलापार, हल्द्वानी, जिला–नैनीताल में संपन्न हुयी। इस परीक्षा में कुल 2335 अभ्यर्थियों में से 2019 अभ्यर्थी उपस्थित हुये, जिनमें से शारीरिक माप–जोख व दौड़(पुरूष अभ्यर्थियों हेतु 04 घंटे में 25 किमी0 तथा महिला अभ्यर्थियों हेतु 04 घंटे में 14 किमी0) में मात्र 112 अभ्यर्थियों को अनर्ह घोषित किया गया। अतः इस परीक्षा में कुल 1907 अभ्यर्थी क्वालिफाई(अर्ह) घोषित हुये है। प्रतिभाग करने वाले सभी अभ्यर्थियों का इवेंटवाइज मूल्यांकन आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

राज्य में इस शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्रथम बार माप–जोख हेतु डिजीटल मशीनों तथा दौड़ हेतु Radio Frequency Identification (RFID) टेक्नोलॉजी के आधार पर संपन्न कराई गयी जिसमें दौड़ के समय की गणना माइक्रो सेकेण्ड तक की गयी है, इस टेक्नोलॉजी द्वारा गणना करने पर किसी भी प्रकार की त्रुटि होने की संभावना नहीं रह जाती है। जिसे सभी अभ्यर्थियों द्वारा सराहा एवं पसन्द किया गया है। यह तकनीक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उपयोग की जा रही है।

संबंधित परीक्षा का अंतिम परिणाम यथाशीघ्र ही जारी किया जायेगा।

आयोग की ओर से,

19/8/21

(संतोष बडोनी)
सचिव।